प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

**शाम के समाचार**

दिनांक 22.10.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में 1 लाख पदों पर की जाएंगी भर्तियां।
- दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग बच्ची को सरकार क़ानूनी और आर्थिक मदद सहित देगी विभिन्न सुविधाएं।
- 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में इंदौर जिले को पश्चिमी क्षेत्र में मिला प्रथम स्थान ।
- प्रदेश के 3 लाख 44 हजार किसानों ने कराया सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन ।

**मंत्रिमंडल बैठक**

प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में 1 लाख पदों पर भर्तियां की जाएंगी। दिसंबर तक इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह पद अलग-अलग विभागों में चिह्नित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया ।

**राजेंद्र शुक्ल,उप मुख्यमंत्री**

प्रदेश की 12 हजार 670 मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण आंगनबाड़ी में उन्नयन को मंजूरी दी गई है। इस पर 213 करोड़ का वार्षिक खर्च आएगा। इसी तरह मंत्रि-परिषद ने प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह आयोग आगामी चार माह में सभी जिलों का दौरा करेगा। आयोग का सदस्य सेवानिवृत आईएएस अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव और मुकेश कुमार शुक्ला को बनाया गया है।

दुष्कर्म पीड़ित मदद

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में आज दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग बच्ची को सरकार द्वारा विभिन्न सुविधा दिए जाने का निर्णय लिया गया । इसमें पीड़ित को शिक्षा, पुलिस सहायता, मातृत्व और नवजात शिशु देखभाल, मनोवैज्ञानिक परामर्श, कानूनी सहायता, स्वास्थ्य बीमा, देखरेख संस्थानों में आश्रय आदि की सुविधा शामिल है। इस योजना में लाभ प्राप्त होने के लिए एफआईआर की प्रति होना आवश्यक नहीं होगा। पीड़ित नाबालिग बालिका को गैर-संस्थागत देखभाल के लिए 4000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे । योजना का क्रियान्वयन कलेक्टर के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए निर्भया फंड से प्रत्येक जिले को 10 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

प्रधानमंत्री-रूस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के कज़ान में 16वें ब्रिक्स सम्मेलन से अलग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से द्विपक्षीय वार्ता की है। बातचीत के दौरान श्री मोदी ने भारत का यह रूख दोहराया कि रूस-युक्रेन संघर्ष का समाधान शांतिपर्वूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के लिए कज़ान जैसे सुन्दर शहर की यात्रा का अवसर मिला है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री कल से शुरू हो रहे दो दिवसीय ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए कज़ान गये हैं। सम्मेलन का विषय है- न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा ।

उप चुनाव नामांकन

प्रदेश के दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उप निर्वाचन के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के चौथे दिन आज विजयपुर में एक अभ्यर्थी तथा बुधनी में भी एक अभ्यर्थी ने एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया। गत 18 अक्टूबर से अब तक दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल तीन उम्मीदवार नामांकन पत्र जमा करा चुके हैं।

राष्ट्रीय जल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 प्रदान किये। यह पुरस्कार नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं को दिए गये। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थ्‌नीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समुदाय

शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार ओडिशा को, द्वितीय पुरस्कार उत्तर प्रदेश को और तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से गुजरात और पुद्दुचेरी को दिया गया।

5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में इंदौर जिले को पश्चिमी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ जिला श्रेणी में प्रथम स्थान मिला है। आज इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह और नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। और ब्यौरे के साथ पेश है यह रिपोर्ट:

## सोयाबीन का उपार्जन

प्रदेश के 3 लाख 44 हजार किसानों ने सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। सोयाबीन की उपार्जन प्रक्रिया 25 अक्टूबर से शुरू होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य 4 हजार 892 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर सोयाबीन की खरीदी होगी। आगामी 22 नबंबर से मोटा अनाज ज्वार और बाजरा का और 2 दिसंबर से धान का उपार्जन होगा। राज्य सरकार ने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अधिकतम 3 लाख रूपये तक अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। वहीँ, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत प्रदेश में 65 लाख 83 हजार 726 किसानों को कार्ड बनाकर जारी किए गए है।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप

पुडुचेरी में आयोजित 40वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ताइक्वांडो अकादमी, भोपाल के खिलाड़ियों ने कुल 6 पदक जीते। इसमें 1 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। खास बात यह है कि 7 साल के लंबे अंतराल के बाद मध्यप्रदेश ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया और पुरुष वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया ।

## समाचार संक्षेप में...

- जबलपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ और अन्य द्वारा सरकारी जमीन को फर्जी दस्तावेज के जरिए बेचने के मामले में ईओडब्ल्यू ने सीईओ समेत 6 पर केस दर्ज किया है।
- नीमच में केंद्र सरकार की अटल भू-जल योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में 5 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जल चौपाल आयोजित की जाएगी।
- रतलाम जिले में जिला किसान कल्याण कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि किसान जितनी जरूरत है उससे ज्यादा उर्वरक का इस्तेमाल न करें। इससे ने केवल फसलों को बल्कि मिट्टी को भी नुकसान होता है।

- नर्मदापुरम जिले में खाद्य विभाग के अलावा नापतौल विभाग द्वारा त्यौहारों में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अभी तक 20 लाख 73 हजार रुपये से अधिक राशि का राजस्व प्राप्त किया गया है।

- बैतूल जिले में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं जागरूकता के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

- अशोकनगर जिले में भू माफिया के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत आज ग्राम पंचायत अथाईखेडा गौशाला की लगभग पौने चार हेक्टेयर भूमि कब्जे से मुक्त कराई गई।

- सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण कल 23 एवं 24 अक्टूबर को आयोजित किया गया है।

- सागर में लोकायुक्त पुलिस ने मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग के सहायक कार्यालय संपदा अधिकारी को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़ा है।